<u>संत थॉमस स्कूल धुर्वा, राँची</u>

विषय - हिंदी **कक्षा - 4**

पाठ -12

(खजाना)

मॉडल उत्तर

शब्दार्थ :-

स्वाभिमानी - अपनी इज्जत का ख्याल रखने वाला

आर्थिक - धन संबंधी आवेदन - निवेदन ,प्रार्थना

अमूल्य - बहुमूल्य अनमोल संपत्ति - धन

सार्थक - अर्थकर्म खजाना - धन-संपत्ति

प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

प्रश्न1) स्कूल के गरीब छात्रों को आर्थिक सहायता कौन दे रहा था?

उत्तर - स्कूल के गरीब छात्रों को आर्थिक सहायता सेठ द्वारिका प्रसाद जी दे रहे थे।

प्रश्न 2) आपके पास कौन सी अमूल्य संपत्ति है ?

उत्तर- हमारे पास हमारा अमूल्य संपत्ति हमारा शरीर और उसके अंग हैं ।

प्रश्न 3) चपरासी रामू स्टाफ रूम में क्यों आया था ?

उत्तर- चपरासी रामू स्टाफ रूम में पानी पिलाने आया था।

प्रश्न 4) प्रकाश झा कैसे अध्यापक थे?

उत्तर -प्रकाश झा स्वाभिमानी और मेहनती अध्यापक थे ।

प्रश्न 5) कक्षा अध्यापकों ने कैसे छात्रों की नामों की सूची भेजी?

उत्तर -कक्षा अध्यापकों ने जो वास्तव में गरीब थे उनके नामों की सूची भेजी।

प्रश्न 6)अध्यापक प्रकाश झा की हर बात कैसी होती थी ?

उत्तर- अध्यापक प्रकाश झा की हर बात सार्थक होती थी।

प्रश्न:- हाँ या नहीं में उत्तर लिखिए :-

क) जो वास्तव में गरीब नहीं थे उनके नामों की सूची भेज दी गई।(गलत)

ख) सूची में आठवीं कक्षा के केवल एक छात्र का नाम था। (गलत)

ग) प्रकाश झा की हर बात सार्थक होती थी। (सही)

घ) स्टाफ रूम में बैठे अन्य अध्यापक हँसने लगे। (गलत)

प्रश्न:- किसने- किससे कहा ?

क) केवल आपकी कक्षा बची हुई है ।

उत्तर- प्रधानाचार्य जी ने प्रकाश झा जी से कहा।

ख) मेरी कक्षा का कोई छात्र गरीब नहीं है ।

उत्तर- प्रकाश झा जी ने प्रधानाचार्य जी से कहा।

ग) मैं परीक्षा में अच्छे अंको से पास हुआ था।

उत्तर- मनोज ने प्रकाश झा जी से कहा।

घ) मनोज तुम्हारे पास तो अमूल्य संपत्ति है ।

उत्तर- प्रकाश झा ने मनोज से कहा।